SANSKRITI IAS

sanskritiias.com/hindi/pt-cards/seekho-aur-kamao-scheme

- सीखो और कमाओ योजना **14-35 वर्ष आयु वर्ग के अल्पसंख्यक युवाओं के लिये एक कौशल विकास योजना है।** इसका लक्ष्य मौजूदा श्रमिकों, स्कूल छोड़ने वालों आदि की रोजगारपरकता को बेहतर बनाकर उनके लिये रोजगार का सृजन तथा अवसर प्रदान करना है।
- इस योजना का **उद्देश्य विभिन्न आधुनिक/परंपरागत व्यवसायों में संलग्न अल्पसंख्यक युवाओं के कौशल का उनकी शैक्षणिक अर्हता, वर्तमान आर्थिक रुझान तथा बाज़ार संभाव्यता के आधार पर उन्ननयन करना है,** जिससे उन्हें उचित रोजगार व स्वरोजगार के लिये कुशल बनाया जा सके। साथ ही देश के लिये कुशल मानव संसाधन तैयार किया जा सके।
- **यह योजना 75% प्लेसमेंट/स्थानन सुनिश्चित करती है, जिसमें से 50% संगठित क्षेत्र में होंगे।** योजना दिशानिर्देशों के अनुसार कार्यान्वयन करने वाले संगठनों को प्लेसमेंट सेवाओं के साथ संबंध स्थापित करने की आवश्यकता होगी।
- **यह संगठन, प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात् स्वरोजगार के इच्छुक उम्मीदवारों के लिये वित्तीय संस्थानों, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास वित्त निगम तथा बैंकों आदि के माध्यम से आसान सूक्ष्म वित्त व ऋण की व्यवस्था करेंगे।**
- इस रोजगारोन्मुखी योजना के तहत पदस्थापित प्रशिक्षुओं को प्लेसमेंट सहायता के रूप में दो माह के लिये 2000 रुपये प्रति माह की पोस्ट प्लेसमेंट सहायता प्रदान की जाती है। पिछले 7 वर्षों में इस योजना से लगभग 3.92 लाख व्यक्ति लाभान्वित हुए हैं।

X